खुल गए भाग्य हमारे गजानन घर में पधारे

खुल गए, भाग हमारे, गजानन, घर में पधारे ॥
घर में, पधारे देवा, घर में पधारे ।
खुल गए, भाग हमारे, गजानन, घर में पधारे ॥

रिद्धि, सिद्धि को, संग ले आए ।
शुभ ,और लाभ के, थापे लगाए ॥
क़र्ज़ पूर्ण, होंगे हमारे, गजानन, घर में पधारे...
खुल गए, भाग हमारे, गजानन...

पहले, पूजूं, तुम को गणपति ।
रहे हमेशा, घर में, सुख संपत्ति ॥
तुम हो, नाथ हमारे, गजानन, घर में पधारे...
खुल गए, भाग हमारे, गजानन...

भोले, जी के, तुम हो प्यारे ।
गौरा, मां के, तुम हो दुलारे ॥
कार्तिक के, भाई न्यारे, गजानन, घर में पधारे...
खुल गए, भाग हमारे, गजानन...

मंगल, करते, सब भक्तों का ।
संकट, हरते, सब भक्तों का ॥
घर घर, पूजे जाते, गजानन, घर में पधारे...
खुल गए, भाग हमारे, गजानन...

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33786/title/khul-gaye-bhag-hamare-gajanan-ghar-mein-padhare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |